# 2022

## HINDI

Paper : HIN–HC–2026

**[ आधुनिक हिन्दी कविता (छायावाद तक) ]**

( Honours Core )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दस** के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के किसी एक काव्य-संग्रह का नाम लिखिए।

(ख) हिन्दी साहित्य के किस कवि को 'राष्ट्रकवि' की आख्या से अभिहित किया गया है?

(ग) यशोधरा कौन थी?

(घ) सुमित्रानंदन पंत को किस ईस्वी में साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था?

(ङ) काव्य-रूप की दृष्टि से 'सरोज-स्मृति' को क्या कहा जा सकता है?

(च) 'कामायनी' में कुल कितने सर्ग हैं?

(छ) महादेवी वर्मा की पहली कविता कितनी उम्र में प्रकाशित हुई थी?

(ज) 'कामायनी' का प्रकाशन वर्ष क्या है?

(झ) कवि ने किसे 'वासुकि सहस्र फन' कहा है?

(ञ) भारतेन्दु की किसी एक काव्यभाषा-संबंधी विशेषता का उल्लेख कीजिए।

(ट) पंत ने गंगा की कल्पना किस रूप में की है?

(ठ) जयशंकर प्रसाद का जन्म किस ईस्वी में हुआ था?

(ड) द्विवेदीयुगीन काव्य की किसी एक विशेषता का उल्लेख कीजिए।

(ढ) 'निराला' का संपूर्ण नाम क्या है?

(ण) 'परिवर्तन' कविता किस काव्य-संग्रह में संकलित है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) 'मंदिर का दीप' शीर्षक कविता का मूल स्वर क्या है?

(ख) निराला की किन्हीं दो काव्यगत विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(ग) मैथिलीशरण गुप्त के किन्हीं दो काव्यों के नाम लिखिए।

(घ) भारतेन्दुमंडल के किन्हीं दो कवियों के नाम लिखिए।

(ङ) कब और किस काव्य-कृति पर महादेवी वर्मा को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था?

(च) छायावादी कविता की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(छ) 'विश्व का अश्रुपूर्ण इतिहास' से कवि का क्या आशय है?

(ज) गंगा के तट पर स्थित राजभवन के सौन्दर्य का कवि ने किस प्रकार वर्णन किया है?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की कविताओं के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) "भारत में सब भिन्न अति, ताहीं सों उत्पात।
विविध देस मतहू विविध, भाषा विविध लखात॥"

इन काव्य-पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'आत्मप्रबोधन' शीर्षक कविता के भाव-सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'नौका विहार' कविता में प्रकृति-चित्रण किस प्रकार से हुआ है?

(ङ) "अहे निष्ठुर परिवर्तन! तुम्हारा ही तांडव नर्तन
विश्व का करुण विवर्तन!"

इस कथन से कवि का क्या आशय है?

(च) पठित कविताओं के आधार पर महादेवी वर्मा की रहस्य-भावना पर प्रकाश डालिए।

(छ) आशय स्पष्ट कीजिए :

"बुद्धि, मनीषा, मति, आशा, चिंता तेरे हैं कितने नाम?
अरी पाप है तू जा चल जा, यहाँ नहीं कुछ तेरा काम॥"

(ज) "ये कान्यकुब्ज-कुल-कुलांगार
खाकर पत्तल में करें छेद,
इनके कर कन्या, अर्थ खेद;"

इन काव्य-पंक्तियों का तात्पर्य बताइए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) "दुःख ही जीवन की कथा रही
क्या कहूँ आज, जो नहीं कही!"

पाठ के आधार पर कवि के जीवन की उन परिस्थितियों का चित्रण कीजिए जिनके कारण उन्हें ऐसा कहना पड़ा है।

(ख) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

हिमगिरि के उतुंग शिखर पर बैठ शिला की शीतल छाँह,
एक पुरुष भीगे नयनों से देख रहा था प्रलय प्रवाह॥
नीचे जल था, ऊपर हिम था, एक तरल था, एक सघन,
एक तत्त्व की ही प्रधानता उसे कहो जड़ या चेतन॥

(ग) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

ज्यों-ज्यों लगती है नाव पार
उर में आलोकित शत विचार।
इस धारा-सा ही जग का क्रम, शाश्वत इस जीवन का उद्गम,
शाश्वत है गति, शाश्वत संगम।
शाश्वत नभ का नीला-विकास, शाश्वत शशि का
यह रजत-हास,
शाश्वत लघु-लहरों का विलास।

(घ) पठित कविताओं के आधार पर भारतेन्दु की राष्ट्रीय चेतना पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ङ) पठित कविताओं के आधार पर छायावाद तक की आधुनिक हिन्दी कविता की भावपक्षीय विशेषताओं को चिह्नित कीजिए।

(च) पठित 'यशोधरा' शीर्षक काव्यांश के जरिए कवि ने क्या-क्या कहना चाहा है? स्पष्टतः बताइए।

(छ) 'मातृभूमि' शीर्षक कविता की मूलभूत संवेदना को स्पष्ट कीजिए।

(ज) पठित कविताओं के आधार पर पंत-काव्य की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(झ) 'बीन भी हूँ मैं तुम्हारी रागिनी भी हूँ' शीर्षक कविता के प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए।

(ञ) 'कामायनी' के पठित सर्ग के आधार पर मनु के मन में उदित चिन्ताओं का खुलासा कीजिए।

★★★